# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 42** **अक्तूबर-दिसंबर 2024**

**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

**श्री आशीष चंदन**

**मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

**श्री श्रेयस के.एम.**

**संयुक्त आयुक्त, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

## बधाई

नगर राजभाषा कर्यान्वयन समिति (कार्यालय-2), बेंगलूरु के तत्वावधान में अक्तूबर से नवंबर 2024 के दौरान विभिन्न केंद्र सरकार के कार्यालयों द्वारा आयोजित अंतर कार्यालयीन हिंदी की प्रतियोगिताओं में निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया और पुरस्कार जीता ।



सुश्री प्रतिष्ठा
आशुलिपिक ग्रेड-II
उत्तर पश्चिम आयुक्तालय
"स्मृति परीक्षण-प्रथम"



सुश्री तारा सिंह
हवलदार
उत्तर पश्चिम आयुक्तालय
"निबंध लेखन-सांत्वना पुरस्कार-I" एवं "हिंदी वर्ग पहेली-सांत्वना पुरस्कार-II"



श्री भास्कर लोहनी
हवलदार
उत्तर आयुक्तालय
टिप्पण व आलेखन-सांत्वना पुरस्कार-II" एवं "अनुवाद-प्रथम पुरस्कार"

केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल में कार्यरत समस्त अधिकारियों की ओर आप तीनों को ढेर सारी शुभकामनाएं



## सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**दिनांक 28-10-2024 से दिनांक 03-11-2024 तक केंद्रीय कर और सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया है, जिसका विषय था "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि" ।**

**भ्रष्टाचार उन्मूलन और सभी कार्यों में तत्परता और पारदर्शिता लाने के संबंध में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिनांक 28.10.2024 को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेने के साथ-साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत हुई ।**

**इस उपलक्ष्य में त्रिभाषी/द्विभाषी बैनर्स और पोस्टर्स सभी आयुक्तालयों के प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित भी किए गएं। केंद्रीय कर, बेंगलूरु सीजीएसटी अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त ने अंचल के सभी आयुक्तालयों को अंचल के अधिकारियों की पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निदेश दिया। तदनुसार, प्रधान मुख्य आयुक्त के नेतृत्व में प्रधान मुख्य आयुक्त कार्यालय, सभी आयुक्तालय कार्यालयों और मुफस्सिल क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में, क्षेत्राधिकार प्रधान आयुक्त/आयुक्त या उप/सहायक आयुक्तों के नेतृत्व में सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली गई। सभी आयुक्तालयों द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, ताकि संबंधित आयुक्तालयों के अधिकारियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, अंचल के सभी आयुक्तालयों ने नागरिकों/ग्राहकों के लिए शिकायत निवारण शिविरों का आयोजन किया और विक्रेता बैठकें आयोजित की गईं। सभी आयुक्तालयों के अधिकारियों को सीवीसी की www.cvc.gov.in वेबसाइट पर जाकर ई-प्रतिज्ञा लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।**

**अंचल में सभी आयुक्तालयों द्वारा किए गए उपरोक्त कार्यक्रमों के अलावा, विभिन्न आयुक्तालयों द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम इस प्रकार आयोजित किए गए:**

- **बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय : नागरिकों/ग्राहकों के लिए शिकायत निवारण शिविर**
- **बेंगलूरु उत्तर आयुक्तालय : मैराथॉन / वॉकथॉन जो समाज के सभी वर्गों में दृश्यता और व्यापक अपील रखते हैं**
- **बेंगलूरु पूर्व आयुक्तालय : छात्रों में सत्यनिष्ठा की शपथ और सतर्कता के प्रति जागरूकता**
- **बेंगलूरु पश्चिम आयुक्तालय : भ्रष्टाचार विरोधी मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक**
- **बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय : ग्राम पंचायतों में जागरूकता ग्राम सभाओं का आयोजन**
- **बेंगलूरु लेखापरीक्षा-I आयुक्तालय एवं बेंगलूरु लेखापरीक्षा-II आयुक्तालय : भ्रष्टाचार विरोधी मुद्दों पर अधिकारियों और/या उनके परिवारों के लिए प्रश्नोत्तरी**

- **बेंगलूरु अपील-I** : **भ्रष्टाचार विरोधी मुद्दों पर अधिकारियों और/या उनके परिवारों के लिए वाद-विवाद**
- **बेंगलूरु अपील-II** : **नारा लेखन प्रतियोगिता**
- **मंगलूरु आयुक्तालय** : **सतर्कता जारूकता परीक्षा एवं प्रश्नोत्तरी**
- **मैसूरु आयुक्तालय, मैसूरु लेखापरीक्षा आयुक्तालय एवं मैसूरु अपील्स** : **निबंध प्रतियोगिता**
- **बेलगावी आयुक्तालय, बेलगावी लेखापरीक्षा आयुक्तालय एवं बेलगावी अपील्स** : **वाद-विवाद प्रतियोगिता**




















## दिनांक 20.11.2024 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा कन्नड़ राज्योत्सव मनाया गया।










## हिंदी कार्यशाला

**दिनांक 12.12.2024 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत संवर्ग ‘क’ अधिकारियों के लिए केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा एक ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। पूर्वाहन के दोनों सत्र में ने एन.ए.एल., बेंगलूरु के सेवानिवृत्त वरिष्ठ हिंदी अधिकारी डॉ.पी.एस.आर.मूर्ति ने *" राजभाषा नीति "* पर प्रकाश डाला। तथा अपराहन के दोनों सत्र में एच.ए.एल., बेंगलूरु के सेवानिवृत्त उप महा प्रबंधक (राजभाषा) डॉ.शंकर प्रसाद ने *" हिंदी टिप्पण एवं आलेखन "* पर प्रकाश डाला।**

इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**